- Duly filled in 'Declaration Form' as per format (Annexure-'A') attached along with personal information, testimonials viz., bio-data, certificates of educational qualification(self attested), experience etc.;
- "Declaration and Undertaking by Candidate" as per format (Annexure-'B') attached pursuant to Fit & Proper Guidelines issued by Reserve Bank of India and required attachments thereat; and
- minimum of 100 Nomination Forms, as per format (Annexure-'C') obtained from shareholders of the Bank who are entitled to nominate, in the format(s) annexed to this Notice, in a sealed envelope and super scribed "Nomination for Shareholder Director", to the **Deputy General Manager, Punjab & Sind Bank, Head Office, Shares Cell, Accounts & Audit Department, 21 Rajendra Place, NewDelhi-110008.**

on any working day not less than fourteen days before the date fixed for the Annual General Meeting i.e., on or before the closing hours of the Bank i.e., 5.00 p.m. on Wednesday, 14 June, 2017 failing which, the nominations are liable to be rejected.

LIST OF SHAREHOLDERS: To enable the shareholders to contest the election, a physical copy of the list of shareholders as mentioned in Regulation 64 of Punjab & Sind Bank (Shares and Meetings) Regulations 2008 will be made available at the Head office of the Bank, from 30.05.2017 onwards for purchase by shareholders on payment of Rs.50,000/- (Rs.Fifty thousand only) plus applicable taxes by demand draft in favour of Punjab & Sind Bank, payable at New Delhi. A shareholder may purchase a copy of list of shareholders (in electronic form i.e. C.D) on payment of Rs.1000/-(Rs.One thousand only) plus applicable taxes. If any shareholder requires a copy or computer prints of the register or any part thereof, the same will be supplied to him on pre-payment of at the rate of Rs.5/- plus applicable taxes for every 1000 words or fractional part thereof required to be copied .

प्रधान कार्यालय में सभी कार्य–दिवसों पर (रविवार और बैंक अवकाश को छोड़ कर) शेयरधारकों का रजिस्टर निरीक्षण हेतु खुला रहेगा अर्थात् सोमवार से शुक्रवार, दोपहर 3.00 बजे से 5.00 बजे तक।

नामांकनों की जांच और निदेशकों का चुनाव : भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 01.11.2007 को जारी फिट एवं प्रोपर नीति संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार नामांकनों की जांच, बोर्ड की नामांकन समिति द्वारा की जाएगी। नामांकन प्राप्त होने की नियत तिथि के बाद के प्रथम कार्य दिवस अर्थात् 15 जून 2017, दिन बुद्धवार को नामांकनों की जांच की जाएगी और यदि कोई नांमांकन वैध नहीं पाया गया तो उसको कारण बताते हुए रद्द कर दिया जाएगा।

यदि चयन द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए केवल दो ही वैध नामांकन हो तो ऐसे नामित उम्मीदवार को चुना हुआ मान लिया जाएगा और वे 01 जुलाई, 2017 से पद ग्रहण कर लेंगे तथा उनका नाम और पता चुने गए निदेशक के रूप में प्रकाशित किया जाएगा। ऐसी स्थिति में चुनाव के लिए आयोजित बैठक में चुनाव नहीं किया जाएगा और मद संख्या 2 को रद्द माना जायेगा।

यदि चुनाव कराया जाता है तथा वैद्य नामांकन निदेशकों की संख्या से अधिक हो तो जिस उम्मीदवार को सबसे ज्यादा वोट मिलेंगे उसे चुना हुआ घोषित किया जाएगा और वे अगले दिन से पद ग्रहण कर लेंगे तथा उनका नाम और पता चुने गए निदेशक के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

यदि किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो पंजाब एण्ड सिंध बैंक (शेयर एवं बैठकें) विनियमन 2008 के अधिनियम 67 के अनुसार निपटाया जाएगा।

नामांकन वापस लेना: यदि कोई उम्मीदवार अपना नामांकन वापस लेना चाहता/चाहती है तो वह ऐसा 28 जून 2017 को सांय 5 बजे से पहले तक कर सकता/सकती है। शेयर कक्ष

शेयर कक्ष: शेयरधारकों को तीव्र एवं प्रभावी सेवा प्रदान करने के लिए बैंक ने प्रधान कार्यालय में शेयर कक्ष की स्थापना की है। शेयरधारक एवं निवेशकर्ता निम्न पते पर किसी भी प्रकार की सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं–

कंपनी सचिव,
पंजाब एण्ड सिंध बैक,
प्रधान कार्यालय (शेयर कक्ष) लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग,
21–राजेंद्र प्लेस, प्रथम तल, नई दिल्ली–110008.
टेलीफोन– 011–25782926, 25812922
ई–मेलः complianceofficer@psb.co.in

अन्य जानकारी

शेयरधारक कृपया जान लें कि सभा में किसी भी प्रकार का उपहार/उपहार कूपन नहीं दिया जाएगा।

कड़ी सुरक्षा के कारणों से हाल के भीतर ब्रीफ केस, खाद्य पदार्थ तथा निजी वस्तुएं ले जाना मना है। इसलिए बैठक में उपस्थित होने वाले सभी व्यक्ति अपने सामान की सुरक्षा की व्यवस्था स्वयं करें।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 18 मई, 2017

जतिन्दरबीर सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

The Register of Shareholders will be open for inspection on all working days (other than Sundays and Bank Holidays) i.e, Monday to Friday between 3.00 p.m. to 5.00 p.m at the Head Office.

SCRUTINY OF NOMINATIONS AND ELECTION OF DIRECTORS: Nominations shall be secrutinized by Nomination Committee of the Board on Thursday, the 15th June 2017, the first working day following the date fixed for receipt of the nominations, in terms of the fit and proper Guidelines dated 01.11.2007 issued by the RBI, and in case any nomination is not found to be valid, the same shall be rejected after recording the reasons therefor.

If there are only two valid nominations for the vacancies to be filled by election, the candidate(s) so nominated shall be deemed to be elected forthwith & they will assume office from July 1st, 2017 and his/her name & address shall be published. In such an event there shall not be any election at the meeting and Agenda Item No. 2 shall be withdrawn.

In the event of an election being held, if valid nominations are more than the number of directors to be elected, the candidate polling the majority of votes shall be deemed to be elected and they will assume office from the next day and his/her name & address shall be published.

If there is any dispute, the same will be settled as per Regulation 67 of the Punjab & Sind Bank (Shares and Meetings) Regulations, 2008.

WITHDRAWAL OF NOMINATIONS: If any candidate desires to withdraw his/her nomination, he/she would be entitled to do so at any time prior to closing hours of the Bank on 28th June, 2017.

SHARES CELL : In order to facilitate quick and efficient service to the shareholders, the Bank has set up a Shares cell at its Head Office, New Delhi, Shareholders may contact this Cell at the under mentioned address for any assistance

The Company Secretary,
Punjab & Sind Bank,
Head Office, Shares Cell, Accounts & Audit Department,
21 Rajendra Place, 1st floor, New Delhi-110008
Telephone: 011-25782926, 25812922
E-mail: complianceofficer@psb.co.in.

OTHER INFORMATION

Shareholders may kindly note that no gift/gift coupons will be distributed at the meeting.

Due to strict security reasons, brief cases, eatables and other belongings are not allowed inside the hall. Persons attending the meeting are, therefore, advised to make their own arrangements for the safe keeping of their articles.

By Order of the Board of Directors

Place : New Delhi
Date : 18 May, 2017

Jatinderbir Singh
Chairman & Managing Director

ई–वोटिंग

पंजाब एण्ड सिंध बैंक की सातवीं वार्षिक सामान्य बैठक के लिए ई–वोटिंग

बैंक कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 के नियम 20 के अनुसार, सातवीं वार्षिक सामान्य बैठक में अपने शेयरधारकों को सीडीएसएल के माध्यम से ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करेगा।

सदस्यों हेतु इलैक्ट्रॉनिक विधि से वोटिंग हेतु निर्देश निम्नानुसार हैं :–

(i) दिनांक 26.06.2017 को प्रातः 10 बजे मतदान अवधि आरम्भ होगी और दिनांक 28.06.2017 को सायंकाल 5.00 बजे समाप्त हो जाएगी। इस अवधि के दौरान बैंक का शेयरधारक जिसके पास अंतिम तिथि 22.06.2017 को शेयर भौतिक रूप में अथवा अभौतिक रूप में हैं, अपना मतदान ईलैक्ट्रॉनिक रूप से कर सकता है। उसके बाद सीएसडीएल द्वारा मतदान प्रक्रिया रोक दी जाएगी।

(ii) शेयरधारकों को ई.वोटिंग साईट www.evotingindia.com पर मतदान हेतु लॉग ऑन करना चाहिए।

(iii) शेयरधारक पर क्लिक करें।

(iv) अब अपना यूजर आईडी प्रविष्ट करें।

क. सीएसडील हेतु – 16 अंकों की हिताधिकारी आईडी।

ख. एनएसडीएल हेतु – 8 स्वरूप की डीपी आईडी के बाद 8 अंकों की ग्राहक आईडी।

ग. भौतिक रूप में शेयर धारक अपनी पंजीकृत फोलियों संख्या प्रविष्ट करें।

(v) दर्शायी गई ईमेज को प्रविष्ट करें और लॉगइन पर क्लिक करें।

(vi) यदि आपके पास शेयर अभौतिक रूप में हैं और आपने www.evotingindia.com पर लॉगऑन कर दिया है और पूर्व में किसी कंपनी हेतु मतदान कर दिया है तो अपना वर्तमान पासवर्ड का प्रयोग करें।

(vii) यदि आप प्रथमवार मतदान कर रहे हैं तो निम्न दिए गए कदमों का अनुसरण करें:

	भौतिक रूप तथा अभौतिक रूप (डीमेट) में शेयरधारकों हेतु
पैन	आयकर विभाग द्वारा जारी अपना 10 अंकों का अल्फाम–न्यूमेरिक'पैन प्रविष्ट करें (यह डीमेट शेयरधारकों और भौतिक शेयरधारकों दोनों के लिए लागू है) • ऐसे सदस्य जिन्होंने अपना PAN कंपनी/डिपाजिटरी सहभागी के पास अपडेट नहीं कराया है, से अनुरोध है कि वे PAN फील्ड में क्रम संख्या जो पोस्टल बैलेट/उपस्थिति पर्ची पर प्रिंट है पैन फील्ड में प्रविष्ट करें।
लाभांश बैंक विवरण या जन्म–तिथि	डीमेट खाते में या कंपनी के डीमेट खाते/फोलियो में दर्ज रिकॉर्ड के अनुसार अपना लाभांश बैंक विवरण या दिन/माह/वर्ष रूप में अपनी जन्म–तिथि प्रविष्ट करें। • कृपया जन्मतिथि या लाभांश बैंक विवरण लॉगइन करने हेतु करें। यदि विवरण डिपॉजिटरी या कंपनी के पास पंजीकृत नहीं हैं तो कृपया लाभांश बैंक विवरण फील्ड में सदस्य आईडी/फोलियों संख्या जैसा कि (iv) में उल्लेखित है, प्रविष्ट करें।

(viii) इन विवरणों को प्रविष्ट करने के पश्चात्, SUBMIT" टैब पर क्लिक करें।

(ix) सदस्य जिनके पास भौतिक रुप में शेयर हैं, सीधे सेलेक्शन स्क्रीन पर पहुँच सकते हैं। जबकि सदस्य जिनके पास डीमेट रुप में शेयर हैं "पासवर्ड क्रिएशन विकल्प" में पहुँचेंगे जहाँ उनके द्वारा लॉगिन पासवर्ड, नए पासवर्ड स्थान में बदल कर देना आवश्यक है। कृपया ध्यानपूर्वक नोट करें कि यह पासवर्ड, डीमेट धारकों द्वारा, किसी भी कंपनी, जिसमें वह वोट देने के लिए समर्थ है, जबकि वह कंपनी जिसमें CDSL द्वारा ई–वोटिंग करवाती हो, प्रयोग किया जा सकता है। आपको गंभीरता से सलाह दी जाती है कि अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति को न बताएं तथा अपने पासवर्ड को गोपनीय रखें।

(x) सदस्य जिनके पास शेयर भौतिक रूप में हैं, विवरण का केवल उपयोग इस नोटिस में ई–मतदान हेतु दिए गए मसौदे में किया जा सकता है।

(xi) पंजाब एण्ड सिंध बैंक हेतु "EVSN" पर क्लिक करें जिसे आप मतदान करना चाहते हैं।

E-Voting

E-Voting for the Seventh Annual General Meeting of Punjab & Sind Bank

In terms of Rule 20 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended from time to time, Bank shall provide facility of e-Voting, through CDSL, to the shareholders for the Seventh AGM.

The instructions for shareholders voting electronically are as under:

(i) The voting period begins on 26.06.2017 at 10.00 a.m. and ends on 28.06.2017 at 5.00 p.m. During this period shareholders' of the Bank, holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date 22.06.2017, may cast their vote electronically. The e-voting module shall be disabled by CDSL for voting thereafter.

(ii) The shareholders should log on to the e-voting website **www.evotingindia.com**.

(iii) Click on Shareholders/Members.

(iv) Now Enter your User ID

a. For CDSL: 16 digits beneficiary ID,

b. For NSDL: 8 Character DP ID followed by 8 Digits Client ID,

c. Members holding shares in Physical Form should enter Folio Number registered with the Bank.

(v) Next enter the Image Verification as displayed and Click on Login.

(vi) If you are holding shares in demat form and had logged on to **www.evotingindia.com** and voted on an earlier voting of any company, then your existing password is to be used.

(vii) If you are a first time user follow the steps given below:

	For Members holding shares in Demat Form and Physical Form
PAN	Enter your 10 digit alpha-numeric PAN issued by Income Tax Department (Applicable for both demat share¬holders as well as physical shareholders) • Members who have not updated their PAN with the Company/Depository Participant are requested to use the sequence number which is printed on Postal Ballot/Attendance Slip indicated in the PAN field.
Dividend Bank Details OR Date of Birth (DOB)	Enter the Dividend Bank Details or Date of Birth (in dd/mm/yy) as recorded in your demat account or in the Bank records in order to login. • If both the details are not recorded with the depository or Bank please enter the member id/folio number in the Dividend Bank details field as mentioned in instruction (iv). in the Dividend Bank details field as mentioned in instruction

(viii) After entering these details appropriately, click on "SUBMIT" tab.

(ix) Members holding shares in physical form will then directly reach the Company selection screen. However, members holding shares in demat form will now reach 'Password Creation' menu wherein they are required to mandatorily enter their login password in the new password field. Kindly note that this password is to be also used by the demat holders for voting for resolutions of any other company on which they are eligible to vote, provided that company opts for e-voting through CDSL platform. It is strongly recommended not to share your password with any other person and take utmost care to keep your password confidential.

(x) For Members holding shares in physical form, the details can be used only for e-voting on the resolutions contained in this Notice.

(xi) Click on the EVSN for Punjab & Sind Bank on which you choose to vote.

(xii) वोटिंग पृष्ठ पर आप रिजोल्यूशन विवरण के समक्ष हाँ/नहीं का विकल्प, वोटिंग के लिए देखेंगे। आवश्यक हाँ अथवा नहीं, विकल्प का चुनाव करें। हाँ का विकल्प, प्रस्ताव के प्रति आपकी सहमति सूचित करता है तथा नहीं का विकल्प, प्रस्ताव के प्रति आपकी असहमति सूचित करता है।

(xiii) यदि आप सभी प्रस्तावों को देखना चाहते हैं तब "रिजोल्यूशन फाइल लिंक" को क्लिक करें।

(xiv) वोट करने के प्रस्ताव को चुनने के पश्चात SUBMIT पर क्लिक करें। एक पुष्टि बॉक्स वहाँ दिखेगा, यदि आप पुष्टि करना चाहते हैं तो "OK" पर क्लिक करें और यदि अपना वोट बदलना चाहते हैं तो CANCEL पर क्लिक करें और इस प्रकार आप अपना वोट बदल सकते हैं।

(xv) यदि आप प्रस्ताव पर एक बार अपना वोट कर देते हैं तब आपको उसे बदलने की अनुमति नहीं होगी।

(xvi) आप अपने द्वारा किए गए मतदान का प्रिंट भी मतदान पृष्ठ पर "प्रिंट लेने हेतु यहां क्लिक करें" पर क्लिक कर ले सकते हैं।

(xvii) यदि डीमेट खाताधारक अपना परिवर्तित पासवर्ड भूल गया है तब यूजर आईडी और ईमेज सत्यापन कोड को प्रविष्ट करें और भूले हुए पासवर्ड पर क्लिक करें तथा प्रणाली द्वारा मांगे गए विवरण को प्रविष्ट करें।

(xviii) शेयरधारक अपना मतदान सीडीएसएल की मोबाईल एप्प एम–वोटिंग का उपयोग करते हुए कर सकते हैं जोकि एन्ड्रायड आधारित मोबाईलों हेतु उपलब्ध है। एम–वोटिंग मोबाईल एप्प को गूगल के प्ले स्टोर से हासिल किया जा सकता है। एप्पल और विंडों फोन का उपयोग करने वाले एप्पल स्टोर तथा विंडो फोन स्टोर से क्रमशः एप्प प्राप्त कर सकते हैं। अपने मोबाईल पर मतदान करते समय मोबाईल एप्प द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुसरण करें।

(xix) अव्यैक्तिक शेयरधारक तथा अभिरक्षकों हेतु नोट

- अव्यैक्तिक शेयरधारक (जैसे व्यैक्तिक से अलग, हिंदू संयुक्त परिवार, एनआरआई आदि) और अभिरक्षकों को www.evotingindia.com लॉगइन करना होगा और कॉर्पोरेट के रूप में स्वयं को पंजीकृत कराना होगा।
- पंजीकरण की स्कैन कॉपी जिस पर संस्था की मोहर तथा हस्ताक्षर होने चाहिए, को helpdesk.evotingindia@cdslindia.com पर ई–मेल कर देना चाहिए।
- लॉगइन विवरण प्राप्त होने के बाद admin लॉगइन और पासवर्ड का उपयोग कर अनुपालन यूजर क्रिएट कर लेना चाहिए। अनुपालन यूजर खाता(ओं) को लिंक करने मे समर्थ होगा जिसके लिए वो मतदान करना चाहते हैं।
- सभी खातों की सूची helpdesk.evotingindia@cdslindia.com को मेल कर देनी चाहिए और खातों की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद, वो मतदान करने में समर्थ होंगे।
- अभिरक्षक के पक्ष में उनके द्वारा जारी पॉवर ऑफ अटार्नी और बोर्ड संकल्प की स्कैनड प्रति, यदि कोई है, को पीडीएफ प्रारूप में प्रणाली में अपलोड करना चाहिए ताकि छानबीन करने वाला उसको सत्यापित कर सके।

(xx) व्यक्तियों जिन्होंने शेयर खरीदे हैं, नोटिस को प्रेषित करने के बाद भी ई–वोटिंग हेतु उपरोक्त प्रक्रिया अपना सकते हैं।

टिप्पणीः यदि कोई सदस्य(ओं) अपने वोट दोनों अर्थात भौतिक रूप या ई–वोटिंग से मतदान करता है तो ई–वोटिंग के माध्यम से किया गया मतदान मान्य रहेगा तथा भौतिक मतदान को अनदेखा कर दिया जाएगा। यद्यपि जिस शेयरधारक ने ने ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट दिया है वह सामान्य बैठक में सहभागिता कर सकता है किंतु पोल में वोट नहीं कर सकता।

श्री दीपक गुप्ता, कार्यरत कंपनी सचिव (सीवी नं. 4629) को इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रक्रिया के लिए अंकेक्षक नियुक्त किया गया है, जो पक्ष या विपक्ष में डाले गए वोटों की रिपोर्ट तैयार करेंगे तथा इसे बैठक संपन्न् होने के 2 दिन के भीतर अध्यक्ष, वार्षिक सामान्य बैठक को संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे

अध्यक्ष द्वारा घोषित परिणाम के साथ अंकेक्षक की रिपोर्ट को बैंक की वेबसाइट तथा सीडीएसएल की वेबसाइट पर परिणाम की घोषणा के तुरंत बाद डाल दिया जाएगा

पर्याप्त वोट की प्राप्ति पर संकल्प को वार्षिक सामान्य बैठक के दिन पारित माना जाएगा

बैठक की सूचना www.psbindia.com तथा www.cdslindia.com पर भी प्रदर्शित है।

(xii) On the voting page, you will see "RESOLUTION DESCRIPTION" and against the same the option "YES/NO" for voting. Select the option YES or NO as desired. The option YES implies that you assent to the Resolution and option NO implies that you dissent to the Resolution.

(xiii) Click on the "RESOLUTIONS FILE LINK" if you wish to view the entire Resolution details.

(xiv) After selecting the resolution you have decided to vote on, click on "SUBMIT". A confirmation box will be displayed. If you wish to confirm your vote, click on "OK", else to change your vote, click on "CANCEL" and accordingly modify your vote.

(xv) Once you "CONFIRM" your vote on the resolution, you will not be allowed to modify your vote.

(xvi) You can also take print out of the voting done by you by clicking on "Click here to print" option on the Voting page.

(xvii) If a Demat account holder has forgotten the changed password then Enter the User ID and the image verification code and click on Forgot Password & enter the details as prompted by the system.

(xviii) Shareholders can also cast their vote using CDSL's mobile app m-Voting available for android based mobiles. The m-Voting app can be downloaded from Google Play Store.

Apple and Windows phone users can download the app from the App Store and the Windows Phone Store respectively. Please follow the instructions as prompted by the mobile app while voting on your mobile.

(xix) **Note for Non – Individual Shareholders and Custodians**

- Non-Individual shareholders (i.e. other than Individuals, HUF, NRI etc.) and Custodian are required to log on to www.evotingindia.com and register themselves as Corporates.
- A scanned copy of the Registration Form bearing the stamp and sign of the entity should be emailed to helpdesk.evoting@ cdslindia.com.
- After receiving the login details a compliance user should be created using the admin login and password. The Compliance user would be able to link account(s) for which they wish to vote on.
- The list of accounts linked in the login should be mailed to helpdesk.evoting@cdslindia.com and on approval of the accounts they would be able to cast their vote.
- A scanned copy of the Board Resolution and Power of Attorney (POA) which they have issued in favour of the Custodian, if any, should be uploaded in PDF format in the system for the scrutinizer to verify the same.

(xx) Person who have acquired shares and become members after despatch of notice may also use the above given procedure for remote e-voting.

Note: In case member(s) cast their vote both via Physical Ballot and e-voting, then voting done through e-voting shall prevail and voting done by Physical Ballot will be ignored. However, shareholder(s) who have casted their vote through e-voting can participate in General Meeting but cannot vote in poll.

Mr. Deepak Gupta, Practicing Company Secretary (CP No. 4629) has been appointed as the scrutinizer to the electronic voting process and for poll at the Annual General Meeting, who shall prepare and submit its report of the votes cast in favour or not in favour/ against, to the Chairman of the Annual General Meeting within 2 days of the conclusion of the meeting;

The results declared along with the scrutinizer's report shall be placed on the website of the Bank and on the website of CDSLe-voting immediately after the result is declared by the Chairman;

Subject to receipt of the sufficient votes, the resolution(s) shall be deemed to be passed on the date of the Annual General Meeting;

Notice of the meeting is also displayed at www.psbindia.com and www.cdslindia.com.

यदि ई–वोटिंग के संदर्भ में आपका कोई प्रश्न अथवा जिज्ञासा है तो बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्न ("FAQs") पर जाएं तथा सहायता अनुभाग के अंतर्गत www.evoting@cdsindia.com पर ई–वोटिंग मैनुअल उपलब्ध है या helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई–मेल करें या श्री राकेश दल्वी, डिप्टी प्रबंधक, CDSL, 16वां माला, पी.जे. टॉवर, दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुम्बई–400001, दूरभाष नं. 18002005533 या श्री भारत भूषण, एसोशिएट उपाध्यक्ष, लिंक ईनटाइम प्रा. इंडिया लिमिटेड, 44, कम्यूनिटी सेंटर, द्वितीय तल, नारायणा औद्योगिक क्षेत्र, फेज–1, नई दिल्ली–28 दूरभाष नं. 011–41410592,41410593 या delhi@linkintime.co.in को ई–मेल करें।

(xxi) यदि आप पहले से ही ई–मतदान हेतु सी.एस.डी.एल. के साथ पंजीकृत हैं तो आप मतदान करने के लिए अपनी वर्तमान यूजर आईडी/पासवर्ड/पिन का प्रयोग कर सकते हैं।

(xxii) आप फोलियो के यूजर प्रोफाईल विवरणों में ई–मेल आईडी तथा अपने मोबाईल को भी अद्यतित कर सकते हैं जिसका उपयोग भविष्य में संप्रेषण प्रेषित करने के लिए किया जा सकता है।

(xxiii) जैसे कि चुनाव दो शेयरधारक निदेशकों हेतु है मतदान दो से अधिक निदेशकों के लिए नहीं किया जाए अन्यथा डाले गए मत अवैध हो जाएंगे।

(xxiv) वार्षिक सामान्य बैठक में मतदान की समाप्ति के बाद विवेचनाधिकारी पहले बैठक में डाले गए मतों की गिनती करेगा और इसके बाद रिमोट ई–मतदान द्वारा डाले गए मतों को दो (2) साक्ष्यों जो कि बैंक के कर्मचारी नहीं हो, के समक्ष खोलेगा और वार्षिक सामान्य बैठक के समाप्त होने के 48 घण्टों के अंदर कुल डाले गए पक्ष एवं विपक्ष नें मतों की विवेचनाधिकारी की रिपोर्ट तैयार करेगा। यदि कोई है, बैठक के अध्यक्ष अथवा उसके द्वारा लिखित में प्राधिकृत व्यक्ति जो उस रिपोर्ट को प्रतिहस्ताक्षर करेगा और आगे के मतदान के परिणाम घोषित करेगा।

अध्यक्ष द्वारा परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद विवेचनाधिकारी की समेकित रिपोर्ट के साथ परिणामों को बैंक की वेबसाईट www.psbindia.com और सी.डी.एस.एल. की वेबसाईट पर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

In case you have any queries or issues regarding e-voting, you may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at www.evotingindia.com under help section or write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or call Mr. Rakesh Dalvi, Deputy Manager, CDSL, 16th floor, P.J Tower, Dalal Street, Fort, Mumbai-400001, Phone-18002005533 or Call Mr. Bharat Bhushan, Associate Vice President, Link Intime India Pvt. Ltd, 44-Community Centre, 2nd floor, Naraina Indl Area, Phase-I, New Delhi-28 Phone-41410592, 41410593 or write an email to delhi@linkintime.co.in.

xxi) If you are already registered with CDSL for e-voting earlier then you can use your existing user ID and password/PIN for casting your vote.

xxii) You can also update your mobile and e-mail id in the user profile details of the folio which may be used for sending future communication(s).

xxiii) As the election is for two shareholder directors, vote be cast for not more than two Directors else the votes cast shall be treated as invalid.

xxiv) The Scrutinizer shall after the conclusion of voting at the AGM, will first count the votes cast at the meeting and thereafter unblock the votes cast through remote e-voting in the presence of at least two (2) witnesses not in the employment of the Bank and shall make within forty eight hours of conclusion of the AGM a consolidated Scrutinizer's Report of the total votes cast in favour or against, if any, to the Chairman of the Meeting or a person authorised by him in writing who shall countersign the same and declare the result of the voting forthwith.

The Results along with the consolidated Scrutinizer's Report shall be placed on the Bank's website www.psbindia.com and on the website of CDSL immediately after the results is declared by the Chairman.

निदेशक मंडल रिपोर्ट 2016–17

बैंक का निदेशक मंडल दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के तुलन–पत्र व लाभ–हानि खाते के साथ वार्षिक रिपोर्ट को हर्ष के साथ प्रस्तुत करता है।

प्रबंधन विचार- विमर्श एवं विश्लेषण

आर्थिक परिदृश्यः

वित्तीय अनुशासन को अंगीकार करने के साथ सहायक सरकारी नीतियों और पहलों में वृद्धि, निम्न ब्याज दरों का स्तर, चालू खाता घाटा तथा कम होता व्यापार घाटा, उचित स्थायी मुद्रा, विदेशी मुद्रा के आगम में वृद्धि और मुद्रास्फीति में गिरावट के अनुसार वर्तमान अनुकूल समष्टि परिस्थितियों का अर्थव्यवस्था समुचित लाभ उठा सकती है। वर्ष 2016–17 को विभिन्न आर्थिक विकास नीतियों हेतु पहचाना जाएगा। घरेलू स्तर पर, हम बहुत समय से प्रतीक्षित रूपान्तरित वस्तु एवं सेवाकर (जी.एस.टी.) को लागू करने के नजदीक हैं जब कि बड़ी राशि के मुद्रा नोटों के विमुद्रीकरण से अवैध गतिविधियों की लागत में दंडात्मक रूप से वृद्धि हुई।

यह एक सर्वमान्य दृष्टिकोण है कि अर्थव्यवस्था उच्च वृद्धि के पथ पर है और यह वर्ष 2017–18 में 6.75% से 7.5% के मध्य में हो सकती है। यह संकेत है कि उच्च मूल्य के बैंक नोटों के विमुद्रीकरण के बाद, अपेक्षा से पहले संवृद्धि हो सकती है। विमुद्रीकरण से अर्थव्यवस्था को दीर्घ अवधि के लाभ प्राप्त होंगे। संरचनात्मक सुधार तथा प्रस्तावित वस्तु एवं सेवाकर से वृद्धि दर में आशातीत स्तर प्राप्त होगा। वर्ष 2016–17 के दौरान जीडीपी में वृद्धि का आंकलन 6.8% है। आश्चर्यजनक रूप से उद्योग ने प्राथमिक रूप से विनिर्माण में महत्वपूर्ण विकास किया है। फिलहाल, सेवाओं में तेजी से विस्तार जारी है। वर्ष 2016–17 में उद्योग और सेवा क्षेत्र में क्रमशः 5.7% तथा 8.5% की वृद्धि अपेक्षित है। वर्ष 2016–17 हेतु 4.7% की मेडीयन भविष्य वाणी के साथ सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति नियंत्रण में रही है जोकि न्यूनतम और अधिकतम की क्रमशः 3.8% तथा 5.1% की सीमा रही है। कम वस्तु मूल्यों के कारण निम्न मुद्रास्फीति दर बरकरार रही है। विगत वर्ष के चालू खाता घाटे में जीडीपी के लगभग 1% से वर्ष 2016–17 की प्रथम अर्द्ध–वार्षिकी में जीडीपी के 0.3% की कमी रही। विदेशी मुद्रा आरक्षतियां यूएस डालर 366.7 बिलियन पहुँच गई।

व्यापार की शर्तों में बड़ी संख्या में सुधार, मजबूत बाह्य सुरक्षित भंडारों और प्रभावी नीतिगत कार्रवाई से अर्थव्यवस्था में मजबूती से सुधार होता रहा है। भारत सरकार अर्थव्यवस्था में वृद्धिशील सुधार स्थापित करने के प्रति प्रतिबद्ध है तथा वस्तु एवं सेवाकर को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत कार्रवाई की है जो निवेश एवं संवृद्धि के लिए सकारात्मक होगा। कृषि वृद्धि और ग्रामीण मांग, व्यापार, वस्तुओं के मूल्यों में भविष्य के उतार–चढ़ाव तथा निजी निवेश अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियां हैं। यद्यपि भारत सरकार, भा.रि. बैंक तथा अन्य संबंधित अभिकरण इनसे निपटने हेतु उचित कदम उठा रहे हैं।

जहाँ तक बैंकिंग क्षेत्र का संबंध है, लाभ एवं लाभप्रदता मुख्यतयाः पूंजी पर्याप्तता तथा आस्ति गुणवत्ता जो बैंकों के लिए गंभीरता का विषय है, के बिगड़ने के कारण प्रभावित हुए हैं। एन.आई.एम. में वृद्धि की बड़ी चुनौती के साथ, लाभप्रदता दबाव में है। बैंक अन्य बातों के साथ–साथ जमा लागत में कमी और आस्तियों पर प्रतिफल में सुधार पर भी ध्यान दे रहा है। उत्पाद नवोन्मेष पर ध्यान केंद्रीयकरण के साथ विभिन्न उपाय, तुलन–पत्र से इतर गैर–प्रमुख गतिविधियों से आय में वृद्धि, सेवा प्रदान करने की प्रक्रिया में दक्षता, प्रभावी जोखिम प्रबंधन आदि और चुनौती से निपटने के लिए ग्राहक संतुष्टि को अत्यन्त महत्वपूर्णता के साथ लिया जा रहा है।

कार्य-निष्पादन परिणाम

कुल व्यापार : दिनांक 31.03.2016 को बैंक के रु. 156527 करोड़ की तुलना में वर्ष 31.03.2017 की समाप्ति पर बैंक का कुल व्यापार रु.145803 करोड रहा।

लाभः वित्तीय वर्ष 2015–2016 के दौरान रु. 335.97 करोड़ की तुलना में बैंक ने वर्ष 2016–2017 के दौरान रु. 201.08 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया। वर्ष 2015–16 के 0.34% की तुलना में आस्तियों पर प्रतिफल 0.20% रहा।

लाभांशः भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा लाभांश को घोषित करने हेतु निर्धारित पात्रता मानदण्डों को बैंक पूर्ण नहीं करता है, बोर्ड ने वर्ष 2016–17 हेतु कोई लाभांश घोषित नही किया है।

पूंजी एवं आरक्षितियां : दिनांक 31.03.2016 को बैंक की निवल मालियत रु. 5068.08 करोड़ की तुलना में दिनांक 31.03.2017 को रु. 5046.39 करोड़ रह गई। दिनांक 31.03.2017 को बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (बॉसल III) 11.05% है जोकि निर्धारित न्यूनतम पूंजी पर्याप्तता अनुपात 9.625% के विरुद्ध है।

गैर-जमानती प्रतिदेय बांड : (टीयर-II की पूंजी हेतु गौण ऋण)

वर्ष के दौरान, बैंक ने रु. 150.00 करोड़ के टीयर II बांड को पुनः शोधित किया है और रु. 500 करोड़ संग्रहित किए हैं। इस प्रकार, दिनांक 31.03.2017 तक टीयर II बांड का कुल बकाया रु. 1,675.00 करोड़ है।

जमा वृद्धि : बैंक की कुल जमा राशियों में 31 मार्च, 2017 को रु. 85540.16 करोड़ रही जोकि दिनांक 31.03.2016 को रु. 91249.96 करोड़ थी। दिनांक 31.03.2017 को बैंक की औसत जमा लागत 6.73% रही जोकि विगत वर्ष 7.47% थी।

अग्रिम : दिनांक 31.03.2017 को बैंक के कुल अग्रिम रु. 60263.09 करोड़ रहे जोकि दिनांक 31.03.2016 को रु. 65277.22 करोड़ थे। दिनांक 31.03.2017 के अनुसार अग्रिमों पर औसत प्रतिफल 9.73% रहा जोकि विगत वर्ष 10.70% था।

DIRECTORS' REPORT 2016-17

The Board of Directors has pleasure in presenting Annual Report of the Bank along with the Balance Sheet and Profit and Loss Account for the year ended 31st March, 2017.

MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS:

ECONOMIC OUTLOOK

Economy can draw considerable comfort from prevailing favorable macro conditions in terms of decline in inflation, increase in foreign capital inflows, fairly stable currency, narrowing trade deficit and current account deficit, lower interest rate regime and growth supportive government policies and initiatives, including the adoption of fiscal discipline. 2016-17 has been marked by several historic economic policy developments. On the domestic side, we are very close to introduction of the long-awaited and transformational goods and services tax (GST) while demonetization of the large currency notes signaled a regime shift to punitively raise the costs of illicit activities.

There is a widespread view that Economy has moved on a high growth path and it could expand by between 6.75% and 7.5% in 2017-18 signaling that growth could recover sooner than expected after scrapping of high-value banknotes. Demonetization would bring long-term benefits to the economy, structural reforms and a proposed Goods and Service Tax could boost growth rate to desired level. The growth in GDP during 2016-17 is estimated at 6.8%. Industry has shown significant improvement primarily on account of the surprising acceleration in manufacturing. Meanwhile, services continue to expand rapidly. Industry and services sector are expected to grow by 5.7% and 8.5% respectively in 2016-17. The CPI based inflation remains under control with a median forecast of 4.7% for 2016-17, with a minimum and maximum range of 3.8% and 5.1% respectively. Low inflation has been sustained due to low commodity prices. Current Account Deficit declined from about 1% of GDP last year to 0.3% of GDP in the first half of 2016-17. Foreign exchange reserves have reached 366.7 billion US Dollars.

Economy continued to recover strongly, benefiting from a large improvement in terms of trade, effective policy actions and stronger external buffers. Government remains committed in establishing incremental economic reforms and taken important policy actions toward the implementation of the goods and services tax, which will be positive for investment and growth. The challenges for the economy is to activate agricultural growth and rural demand, trade, future movements in the commodity prices, and private investment. However, the Government, RBI and other concerned agencies are undertaking suitable measures for facing the same.

As far as banking sector is concerned, profits and profitability was affected mainly by the deterioration in the asset quality that remains a serious cause of concern for the Bank and Capital Adequacy. Profitability is under pressure along with greater challenge in increasing the NIM. The Bank, among other things, continues to focus on decreasing the Cost of Deposit and improving the Return on Assets. Different measures with focus on product innovation, off-balance sheet activities to increase income from non-core activity, efficiency in service delivery process, effective risk management etc. and more importantly on customer satisfaction are being taken up to face the challenges.

WORKING RESULTS

TOTAL BUSINESS: During the year ended 31.03.2017, total Business of the Bank stood at Rs.145803 crore as compared to Rs.156527 crore as on 31.03.2016.

PROFIT: The Bank recorded a Net Profit of Rs.201.08 crore for the year 2016-17 as compared to that at Rs.335.97 crore during the FY 2015-16. The Return on Assets (ROA) stood at 0.20% as compared to that at 0.34% in the year 2015-16.

DIVIDEND: As the Bank does not conform to the eligibility criteria prescribed by RBI for declaration of dividend, the Board has not recommended any dividend for the year 2016-17.

CAPITAL & RESERVE: The Net Worth of the Bank stood at Rs.5046.39 crore as compared to Rs.5068.08 crore as on 31.03.2016. The Capital Adequacy Ratio (Basel III) of the Bank is 11.05% as on 31.03.2017 against the minimum stipulated requirement of 9.625%.

UNSECURED REDEEMABLE BONDS: (Subordinated Debts for Tier –II Capital)

During the Year, Bank has redeemed Tier II Bonds of Rs.150.00 crore and has raised Rs.500.00 crore. Thereby, total outstanding of Tier II Bonds as on 31.03.2017 is Rs.1,675.00 crore.

DEPOSITS : The total deposits of the Bank stood at Rs.85540.16 crore as on 31.03.2017 as compared to Rs.91249.96 crore as on 31.03.2016. The average cost of deposits of the bank improved to 6.73% as compared to 7.47% in previous year.

ADVANCES: The Bank's Advances stood at Rs.60263.09 crore as on 31.03.2017 as compared to Rs.65277.22 crore as on 31.03.16 The average yield on Advances stood at 9.73% as compared to 10.70% during the last year.

सरकारी व्यवसाय

बैंक भारत सरकार द्वारा आरम्भ किए गए तीन सामाजिक सुरक्षा/पेंशन योजनाओं को महत्व प्रदान कर रहा है। बैंक ने दिनांक 31.03.2017 तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के अंतर्गत 157951 नामांकन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के अंतर्गत 850936 मामले और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के अंतर्गत 40039 मामले पंजीकृत किए हैं।

प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष करों को जमा कराने की सुविधा की क्रॉस बिक्री करने/प्रसिद्ध करने हेतु प्रयास किए गए थे और लगभग 100000 (एक लाख) चालान संग्रहित किए गए।

बैंक द्वारा की सरकार की विभिन्न छोटी बचत योजनाओं के अंतर्गत कार्य–निष्पादन अच्छा रहा है और दिनांक 31.03.2017 तक लोक भविष्य निधि (पीपीएफ), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) तथा सुकन्या समृद्धि खाता (एसएसए) के अंतर्गत 5000 खातों को खोला गया।

प्रधानमंत्री जन–धन योजना के अंतर्गत उपलब्धियां

- बैंक ने शाखाओं और 351 व्यवसायिक प्रतिनिधियों के माध्यम से 11.72 लाख खाते खोले और प्रत्येक खाते में जमा रु. 5211 की औसत से रु. 610.82 करोड़ के कासा/एफडी/आरडी की जमाएं संग्रहित की।
- व्यवसायिक प्रतिनिधियों ने लगभग रु. 290 करोड़ का व्यवसाय जिसमें एन.पी.ए./टी.डब्ल्यू.ओ. के 950 खातों में रु. 3.82 करोड़ की कुल राशि की वसूली सम्मिलित है।
- वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान बैंक ने मैसर्स मैट्रिक्स प्रोसेसिंग हाउस के माध्यम से 3.07 लाख नामांकन कराने पर रु. 21.46 लाख विविध आय के रूप में प्राप्त किए।
- बैंक ने अब तक 283 माइक्रो एटीएम के लिए यूआईडीएआई से अनुदान राशि के रूप में रु. 42.45 लाख प्राप्त किए। यूआईडीएआई से माईक्रो ए.टी.एम. के लिए इस तरह की अनुदान राशि प्राप्त करने वाले कुछ बैंकों में पंजाब एण्ड सिंध बैंक एक है।
- पीएमजेडीवाई खातों में कुल जीरो बैलेंस के औद्योगिक औसत 23% की तुलना में हमारा प्रतिशत 1.3% (सभी बैंकों से निम्न) है।
- जीवंत पीएमजेडीवाई खातों में आधार को 85% तक जोड़ दिया गया है।
- हमारे आरआरबी के व्यवसायिक प्रतिनिधि आईआईबीएफ द्वारा 100% प्रमाणित हैं और हमारे बैंक के 91% (सभी बैंकों से ज्यादा) व्यवसायिक प्रतिनिधि इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस द्वारा प्रमाणित हैं।
- बैंक ने वित्तीय साक्षरता केंद्रों (एफ.एल.सी.) के साथ समन्वय करते हुए वित्तीय समावेशन के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता फैलाने के उद्देश्य से गांवों में वित्तीय साक्षरता कैम्पों का आयोजन किया जहाँ मूलभूत बैंक की सेवाओं के साथ पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेवाई, पीएमएसबीवाई, एपीवाई, ओवर ड्राफ्ट आदि वित्तीय योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों के साथ विचार–विमर्श किया गया ताकि वे अपनी अपनी आवश्यकता अनुसार इन सेवाओं का लाभ ले सके। वित्तीय वर्ष 2016–17 में एफएलसी, शाखा प्रबंधकों और व्यवसाय प्रतिनिधियों की सहायता से कुल 418 कैंपों का आयोजन किया गया।
- हमारे माइक्रो एटीएम आधार सुविधा युक्त भुगतान प्रणाली (एईपीएस) और रूपे पिनपैड सक्षम हैं जो ग्रामीण ग्राहकों को उनके बायोमैट्रिक या रूपे डेबिट कार्ड द्वारा अंतः और अंतर बैंक लेन–देनों को करने में सहायता करते हैं।

विपणन एवं बीमा

- सोवरेन गोल्ड बान्ड योजनाः बैंक ने वर्ष 2016–17 के दौरान भारत सरकार की सोवरेन गोल्ड बान्ड योजना की विभिन्न 4 श्रृंखलाओं में सहभागिता की है और टॉप निष्पादकों के मध्य में निरंतर अच्छा कार्य किया है।
- **ए.एस.बी.ए.:** वर्ष के दौरान ए.एस.बी.ए. सुविधा आरम्भ की गई और कुल 93 मामलों पर कार्रवाई की गई।
- **गोल्ड मोनिटाईजेशन योजना (जी.एम.एस.):** बैंक ने भारत सरकार की गोल्ड मोनिटाईजेशन योजना के लिए एमएमटीसी पीएएमपी के साथ करार किया है।
- **बैंकाश्योरेंस व्यवसायः** बैंक ने जीवन बीमा कंपनियों के साथ कॉरपोरेट एजेंट के लिए गठबंधन करने हेतु प्रक्रिया पूर्ण कर ली है जिसके अंतर्गत एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस कंपनी के साथ औपचारिक करार किया है।

नई पहल

- बैंक ने प्राथमिकता क्षेत्र के ऋणों को प्रदान करने में तीव्रता लाने हेतु दिनांक 15.12.2016 से 14.03.2017 तक **"प्राथमिकता क्षेत्र ऋण अभियान – पीएससीसी"** आरंभ किया है। अभियान के दौरान रु. 808.60 करोड़ की राशि संवितरित की गई।
- कृषि क्षेत्र के अंतर्गत निवेश में वृद्धि करने के लिए, बैंक ने दो योजनाओं, किसानों को दो पहिया/जीप/कार/एसयूवी वित्त पोषित करने हेतु योजना और फॉर्म मशीनीकरण योजना में 12% की न्यूनतम सीमा में छूट दी है।
- बैंक ने हथकरघा के बुनकरों को रु. 5.00 लाख तक के ऋण उपलब्ध कराने हेतु "पी एण्ड एस बी बुनकर मुद्रा योजना" आरम्भ की है ताकि बुनकरों की ऋण आवश्यकताओं की पर्याप्त और समय से अर्थात् निवेश आवश्यकताओं के साथ–साथ कार्यशील पूंजी की लचीली एवं कम लागत में सहायता की जा सके।

GOVERNMENT BUSINESS : The Bank continues to accord importance to the three Social Security/Pension Schemes launched by Government of India and 157951 enrollments under Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojna (PMJJBY), 850936 cases under Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana (PMSBY) and 40039 number of cases under Atal Pension Yojna (APY) were got enrolled by the Bank up to 31.03.2017.

Efforts were made to popularize / cross sell the facility of depositing Direct & Indirect taxes and approximately 100000 (One lac) challans were mobilized.

The performance of the Bank under different Govt. Small Saving Schemes continued to be good and about 5000 accounts as on 31.03.2017 were mobilized under Public Provident Fund (PPF), Senior Citizen Saving Scheme (SCSS) and Sukanya Samridhi Account (SSA) schemes.

ACHIEVEMENTS UNDER PRADHAN MANTRI JAN DHAN YOJNA

- The Bank has opened 11.72 lac accounts through branches and 351 Business Corresponds (BCs); and mobilized CASA/FD/RD deposit of Rs. 610.82 crore, with an average deposit of Rs.5211 per account.
- Total Business generated by BCs is Rs. 290 crore, which includes Recovery in 950 NPA/TWO accounts amounting to Rs. 3.82 crore.
- During the financial year 2016-17, the Bank received a sum of Rs. 21.46 lac as miscellaneous income for 3.07 lac Adhar enrollments done through M/s Matrix Processing House.
- The Bank has so far received subsidy amount of Rs. 42.45 lac for 283 MicroATMs from UIDAI. Punjab & Sind Bank is one of few Public Sector Bank to receive such subsidy from UIDAI for MicroATMs
- Total zero balance accounts in PMJDY are at 1.3 % against industry average of 23 % (lowest among all Banks).
- Total Aadhaar seeding in active PMJDY Accounts is 85%.
- 100% BCs of our RRBs and 91% BCs of our Bank are certified through Indian Institute of Banking & Finance (IIBF) (highest among all banks).
- The Bank in coordination with the Financial Literacy Centers (FLCs) took the initiative to spread financial literacy among rural population by conducting Financial Literacy Camps in the villages where Basic Banking services along with other financial schemes like PMJDY, PMJJBY, PMSBY, APY, OD etc are discussed with the villagers, so that they are able to avail these services as per their requirements. Total number of 418 Camps were organized in FY 2016-17 with the help of FLCs, Branch Managers & BCs.
- Our Micro ATMs are Adhar Enabled Payment System (AEPS) & Rupay PINPAD enabled, helping rural customers to do intra and inter Bank transactions using their biometrics or Rupay Debit Cards.

MARKETING AND INSURANCE

- **Sovereign Gold Bond:** Bank has participated in Sovereign Gold Bond Scheme of Govt of India, during 2016-2017, and performed consistently well to be among the top performers.
- **ASBA:** The ASBA facility was launched during the year, and a total of 93 Issues have since been handled.
- **Gold Monetization Scheme (GMS):** The Bank has tied up with MMTC PAMP for Gold Monetization Scheme of Govt. of India.
- **Bancassurance business:** Bank successfully completed the process for Corporate Agent Tie up with Life Insurance Companies, under which formal agreement with SBI Life Insurance Company has been executed.

NEW INITIATIVES

- The Bank launched **"Priority Sector Credit Campaign- PSCC"** from 15.12.2016 to 14.03.2017 to boost the Priority Sector Lending. An amount of Rs. 808.60 crore has been disbursed during the campaign.
- To boost investment credit in Agriculture Sector, the Bank has dispensed with the ceiling of minimum 12% rate of interest under two schemes namely PSB scheme of Financing Two Wheeler/ Jeep/ Car/ SUV to farmers and PSB Farm Mechanization Scheme
- The Bank has launched a scheme **"P&SB Weaver's MUDRA Scheme"** for extending loans upto Rs.5.00 lac to handloom weavers to provide adequate and timely assistance to the weavers to meet their credit requirements i.e. for investments need as well as for working capital, in a flexible and cost effective manner.

- मुद्रा ऋण के शिशु वर्ग के अंतर्गत (रु. 50000/– तक) मार्जिन को 25% से घटा कर 10% कर दिया है और निरीक्षण प्रभारों को समाप्त कर दिया है।
- ग्राहकों हेतु इंटरनेट बैंकिंग में नई कार्यविधियां विकसित की गई हैं :
  क) चेक रोकने की सुविधा
  ख) फुटकर ग्राहक हेतु पास वर्ड का स्वतः सृजन
  ग) आरटीजीएस सुविधा
  घ) ऑनलाईन आधार को जोड़ना
  ङ) प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना/प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना हेतु ऑनलाईन पंजीकरण
  च) आयकर विवरणी को ऑनलाईन दायर करना
- शाखा नेटवर्क की प्रभावी निगरानी हेतु बैंक ने दो नये आंचलिक कार्यालय, क्रमशः अहमदाबाद और नोएडा में खोले हैं।

पुरस्कार एवं उपलब्धियां

माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री कलराज मिश्र ने एमएसएमई क्षेत्र की वृद्वि में योगदान करने हेतु उद्योग व्यापार सेवा महासंघ (फिट्स) के "फिट्स एमएसएमई उत्कृष्टता पुरस्कार" से बैंक को पुरस्कृत किया है।

माननीय श्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्य मंत्री, वित्त एवं कम्पनी मामले में बैंक को सूक्ष्म ऋण में योगदान करने के लिए सीआईएमएसएमई उत्कृष्टता पुरस्कार 2016–17 प्रदान किया।

बैंक ने एमएसएमई वित्तपोषण के विशेष कार्यनिष्पादन के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार जीता है।

बैंक की हॉकी टीम ने निम्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं जीतीः

- अखिल भारतीय एस. एन. वोहरा गुरमीत सिंह हॉकी प्रतियोगिता
- राष्ट्रीय सीनियर हॉकी चौम्पियनशिप (बी डिविजन)

प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम

- दिनांक 31.03.2016 को प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम रु. 24,508 करोड़ की तुलना में वर्ष 31.03.2017 की समाप्ति पर रु 24928 करोड़ हो गए।
- दिनांक 31.03.2016 को बैंक के कृषि अग्रिम रु. 11165 करोड़ की तुलना में वर्ष 31.03.2017 की समाप्ति पर रु. 190 करोड़ की वृद्धि दर्ज करते हुए रु.11355 करोड़ हो गए।
- आरबीआई के निर्धारित लक्ष्य 8.00% की तुलना में बैंक का छोटे और सीमांत किसानों को अग्रिम रु. 5656 करोड़ रहा जोकि कुल अग्रिम का 8.08% है।
- बैंक ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में रु. 900 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध रु. 691.27 करोड़ का अग्रिम प्रदान किया है जो रु. 900 के लक्ष्य का 76.81% है।
- दिनांक 31.03.2017 तक केसीसी संचालित कुल 2.02 लाख खातों की तुलना में, बैंक ने केसीसी के 2.01 लाख खातों (99.48%) में रूपे डेबिट कार्ड जारी किए हैं।
- दिनांक 31.03.2017 तक बैंक ने पंजाब में ब्लॉक स्तर पर 4 अन्य एफएलसी खोले जिससे एफएलसी की कुल संख्या 13 हो गई है।
- 31.03.2016 वर्ष के अंत में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तीन में से एक आरएसईटीआई जोकि फरीदकोट में हैं, को सर्वोच्च ग्रेड 'AA' दिया गया और उसको ग्रामीण बेरोजगार युवकों के प्रशिक्षण देने हेतु सरकारी अनुदान प्राप्त करने के लिए पात्र बनाया गया है। बैंक ने आधारिक संरचना उपलब्ध कराने के लिए रु. 24,36,410/– व्यय किए है जैसे कि मोगा और फरीदकोट में स्थित ग्रामीण स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में कंप्यूटर लैब, सिलाई एवं कढ़ाई मशीन, सीसीटीवी कैमरा, एयर कंडीशनर एवं रेफ्रीजरेटर, खिड़कियों के पर्दे एवं फिटिंग्स तथा हरियाली सुन्दरता बढ़ाने के वृक्षारोपड़ किए हैं।

खुदरा ऋण

- बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान खुदरा ऋण संविभाग की संवृद्धि पर ध्यान केंद्रित किया है और तदनुसार खुदरा ऋण के अंतर्गत उत्पादों को अधिक आकर्षक तथा प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए प्रस्तावों को उदार तथा औचित्यपूर्ण बनाया है। आवासीय ऋण, ऑटो ऋण और उपभोक्ता ऋण खंड को आकर्षक छूट के प्रस्ताव के साथ फेस्टीवल बोनान्जा योजना शुभारम्भ की गई।
- दिनांक 31.03.2017 को बैंक का खुदरा ऋण संविभाग 7296.51 करोड़ है और जिसके कारण पिछले वर्ष की तुलना में, इस वर्ष के दौरान खुदरा ऋण के व्यवसाय में 12.38% की वृद्धि दर्ज की गई।
- दिनांक 31.03.2017 को खुदरा ऋण, सकल अग्रिमों का 12.10% प्रतिशत रहा।

- Under the Shishu category of Mudra loan (upto Rs. 50,000/-), margin has been reduced from 25% to 10% & Inspection charges have been waived.
- New functionalities developed in **Internet Banking** for customers :-
  a) Cheque Stop facility;
  b) Auto generation of password for retail customer;
  c) RTGS facility;
  d) Online Aadhar Seeding;
  e) Online Registration for Pradhan MantriJeewanJyotiYojna / Pradhan MantriSurakshaBeemaYojna;
  f) E-filing of ITR.
- The Bank has opened two new Zonal Offices at Ahmedabad and Noida for effective monitoring of the branch network.

AWARDS & ACHIEVEMENTS

Federation of Industries Trade Services (FITS) has awarded the Bank, "FITS MSME Excellence Award" by Hon'ble Union Minister Sh. Kalraj Mishra for contribution in growth of MSME Segment.

The Bank has been awarded CIMSME Excellence Award 2016-17 for contribution to Micro Credit by Hon'be Union Minister of State for Finance and Corporate Affairs Sh. Arjun Ram Meghwal.

Bank's Hockey Team won the following National Tournaments:

- All India S.N. Vohra Gurmit Hockey Tournament
- Senior National Hockey Championship (B Division)

PRIORITY SECTOR ADVANCES

- Total Priority Sector Advance increased from Rs.24508 crore as on 31.03.2016 to Rs.24928 crore as on 31.03.2017.
- The Bank's Agriculture advance increased by Rs.190 crore to Rs.11355 crore as on 31.03.2017 from Rs.11165 crore as on 31.03.2016.
- The Bank's advance to Small & Marginal Farmers increased to Rs.5656 crore which is 8.08% of March 2017 Adjusted Net Bank Credit (ANBC) against the RBI stipulated target of 8%
- The Bank made advance to the tune of Rs.691.27 crore against the target of Rs.900 crore under Pradhan Mantri Mudra Yojana which is 76.81% against the target of Rs.900 crore.
- The Bank has issued RuPay Debit Cards in 2.01 lac KCC accounts against the total operative KCC accounts of 2.02 lac (99.48 %) as on 31.03.2017.
- The Bank has opened another 4 Financial Literacy Centres (FLCs) at block level in Punjab thus raising total number of FLCs to 13 as on 31.03.2017.
- One of three Rural Self Employment Training Institute (RSETI) i.e. Faridkot were given highest grade 'AA' by Ministry of Rural Development, Govt. of India, for the year ended 31.03.2016 making it eligible for Govt. grants for training of rural unemployed youth. The Bank spent Rs. 24,36,410/- to provide basic infrastructure such as Computer labs, Sewing & Embroidery machines, CCTV cameras, Air conditioner & Refrigerator, window curtains & fittings and for planting trees, shrubs & other green beautification at Rural Self Employment Training Institute (RSETI) Moga and Faridkot.

RETAIL LENDING

- The Bank has primarily focused on the growth of its Retail Lending portfolio during the FY and accordingly liberalized and rationalized its Retail Lending offerings to make them more attractive and competitive. Festival Bonanza Scheme offering attractive concessions under the Housing Loan, Auto Loan and Consumer Loan segments was launched.
- Retail Lending portfolio of the Bank as on 31.03.2017 stands at Rs.7296.51 crore and thereby, registered a business growth of 12.38% over the previous year.
- The percentage of Retail Advances to Gross Advances was 12.10% as on 31.03.2017.

आस्ति गुणवत्ता

बैंक के अनर्जक आस्तियों पर नियंत्रण के लिए प्रयास जारी रहे हैं तथा विधिक साधनों एवं बातचीत पर आधारित समझौतों सहित वसूली के सभी उपलब्ध साधनों का प्रयोग किया है तथा विभिन्न केंद्रों पर वसूली कैंपों का आयोजन किया है।

वर्ष के दौरान गैर–निष्पादित खातों में बैंक की वसूली औचित्यपूर्ण रही है। वसूली के लिए किए गए अथक तथा केन्द्रित प्रयासों के फलस्वरूप रु. 42.13 करोड़ की तकनीकी बट्टा खातों में वसूली सहित कुल रु. 958.91 करोड़ की वसूली की जा सकी।

सकल एनपीए तथा निवल एनपीए दिनांक 31.03.2016 के रु. 4229.05 करोड़ तथा रु. 2949.47 करोड की तुलना में क्रमशः रु. 6297.59 करोड़ तथा रु. 4375.08 करोड़ रहा।

31.03.2017 को गैर–निष्पादित आस्तियों की सकल एवं निवल स्थिति अर्थात् पिछले वर्ष की तुलना में निम्नानुसार है –

(राशि करोड़ में)

एनपीए	31.03.2016 की स्थिति अनुसार		31.03.2017 की स्थिति अनुसार	
सकल	4229.05	6.48%	6297.59	10.45%
निवल	2949.47	4.62%	4375.08	7.51%

दिनांक 31.03.2017 को बैंक का प्रावधान सुरक्षा अनुपात (तकनीकी बट्टा खातों सहित) 46.69% रहा।

ऋण निगरानी

बैंक ने ऋण एक्सपोजरों वाले उच्च मूल्य खातों की प्रभावशाली निगरानी तथा नयी चूक गिरावट पर नियंत्रण रखने के लिए प्रधान कार्यालय स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। बैंक/आरबीआई के दिशानिर्देश के अनुसार पात्र मामलों की पुनरसंरचना की जा रही है।

उक्त की पूर्ति करने हेतु, बैंक द्वारा विभिन्न नीतियों संबंधी पहल की गई हैं जो अन्य बातों के साथ–साथ वित्त पोषित करने/लचीली संरचना के द्वारा पुनर्वित्त संबंधी निर्देश देने, ऋणदाता के लिए अच्छी वसूली करने और निर्णय लेने हेतु तुरंत कदम उठाना, वित्तीय संकट की पूर्व पहचान करते हुए अर्थव्यवस्था में दबाव में आई आस्तियों के पुनर्जीवन के लिए फ्रेमवर्क को क्रियाशील करना आदि है।

निवेश तथा विदेशी विनिमय

31.03.2017 को बैंक की कॉरपोरेट क्षेत्र की आवश्यकता, जोखिम संग्रह एवं निवेश नीति के अनुरूप निवेश–सूची सरंचना सहित बैंक का सकल निवेश रु. 28080.16 करोड़ था।

सरकारी प्रतिभूतियों तथा गैर सांविधिक चलनिधि अनुपात प्रतिभूति में ट्रेडिंग गतिविधियों से लाभ में 87% की वृद्धि हुई जो मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के रु. 140.12 करोड से बढकर 31.03.2017 को रु. 261.97 करोड़ हो गया है। इस वर्ष, बैंक ने सेकेन्डरी मार्केट के अंतर्गत गैर–एसएलआर बान्डों में ट्रेडिंग आरम्भ कर लाभ कमाने की एक नई दिशा की ओर कदम उठाए हैं। इसके अतिरिक्त, ईक्विटी शेयर आईपीओ में अच्छी प्रकार से आंकलन करने के बाद की गई सहभागिता से मजबूती मिली है लाभ कमाने के स्रोत्र में विविधता आई है।

वित्तीय वर्ष 2016–17 में विदेशी विनिमय व्यवसाय से रु. 38.99 करोड़ का लाभ हुआ।

जोखिम प्रबंधन : बैंक ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि उसके जोखिम, परिभाषित जोखिम क्षमता के भीतर हैं और उनकी पर्याप्त रूप से निगरानी की जाती है, के लिए एक सुदृढ़ एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली को कार्यरूप दिया है।

